**विचार-प्रवाह...**पित्रोदा के बयान से मुश्किल में कांग्रेस



देहरादून, मंगलवार, 14 मई 2019

# पेज थ्री



मौसम अधिकतम 34.0° न्यूनतम 19.0°
37090.82
2 ट्रेड वारः भारत समेत दुनिया में प्रभाव
7 चौथी बार चैंपियन बनी मुंबई इंडियंस

'हुआ तो हुआ' बयान को राहुल गांधी ने गलत बताया और दी नसीहत

# पित्रोदा को शर्म आनी चाहिए सार्वजनिक रूप से माफी मांगे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

लुधियाना। लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण की वोटिंग 19 मई को होनी है। इसी दिन पंजाब की 13 सीटों पर भी मतदान है। लेकिन कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा का सिख दंगों पर दिया बयान शहुआ तो हुआश पार्टी को टेंशन दे रहा है। कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी आज भी इस बयान पर न केवल सफाई देते दिखे बल्कि कहा कि पित्रोदा को इस बयान पर शर्म आनी चाहिए एवं उन्हें सार्वजनिक तौर पर माफी मांगनी चाहिए। बता दें कि पित्रोदा अपने बयान पर मीडिया के सामने आकर पहले ही माफी मांग चुके हैं।

राहुल गांधी ने फतेहगढ़ साहिब में रैली के दौरान कहा, सैम पित्रोदा ने 1984 के बारे में बोला है, वह बिल्कुल गलत बोला है। उन्हें देश से इसके लिए माफी मांगनी चाहिए। मैंने सार्वजनिक रूप से कहा और यही मैंने फोन करके भी बोला। मैंने पित्रोदा से कहा कि आपको शर्म आनी चाहिए,आपको सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए।



❛ मैंने पित्रोदा से कहा कि आपको शर्म आनी चाहिए,आपको सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए। –राहुल गांधी।

बता दें कि राहुल ने इससे पहले भी अपने फेसबुक पोस्ट पर पित्रोदा के इस बयान की आलोचना की थी। अपने फेसबुक पोस्ट में राहुल ने कहा था कि सैम पित्रोदा ने जो कहा वह अनुचित है और उन्हें इसके लिए माफी मांगनी चाहिए। इससे पहले कांग्रेस पार्टी ने सैम के बयान को निजी बताते हुए पल्ला झाड़ लिया था।

### पित्रोदा ने मांगी थी माफी

चुनावी मौसम में विवाद बढ़ने पर सैम पित्रोदा ने भी माफी मांग ली थी। उन्होंने सफाई में कहा था , मेरी हिंदी अच्छी नहीं है, इसलिए मेरे बयान को गलत ढंग से पेश किया गया। मेरे कहने का मतलब था कि जो हुआ वो बुरा हुआ, मैं अपने दिमाग में बुरा का अनुवाद नहीं कर सका था। उन्होंने कहा, मुझे दुख है कि मेरा बयान गलत ढंग से पेश किया गया। मैं माफी मांगता हूं। पित्रोदा के बयान पर बीजेपी लगातार हमला बोल रही है।

# पूर्वजों के सवाल पर कांग्रेस कहती है 'हुआ तो हुआ'

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

सोलन। हिमाचल प्रदेश के सोलन में सोमवार को चुनावी सभा करने पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बार फिर कांग्रेस को निशाने पर रखा। वरिष्ठ कांग्रेस नेता सैम पित्रौदा द्वारा सिख दंगों पर दिए गए बयान पर प्रहार करते हुए मोदी ने कहा, ये अपने पूर्वजों के नाम पर वोट मांगते हैं पर पूर्वजों पर जब सवाल पूछे जाते हैं तो कहते हैं– हुआ तो हुआ।

सोलन के ठोडो मैदान में पीएम मोदी ने कहा, ये महामिलावटी हमारे सैनिकों की, हमारी फौज की मान–मर्यादा और शौर्य का सम्मान नहीं करते। ये हमारे सेनाध्यक्ष को गली का गुंडा कहते हैं, वायुसेना अध्यक्ष को झूठा कहते हैं। कांग्रेस सरकार में हमारी सेना बुलेटप्रूफ जैकेट की मांग करती रही। कांग्रेस छह साल तक उनकी मांग को टालती रही। हमारे बच्चे आतंकवादियों और नक्सलियों के हमले में शहीद होते रहे। जब कोई कहता है कि ये गलत हुआ, तो ये जवाब देते हैं – हुआ तो हुआ। प्रधानमंत्री ने दावा किया कि पहले की सरकार की तुलना में पिछले पांच सालों के दौरान रक्षा उत्पादन में 80 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की स्थिति आज देश में वोटकटुआ पार्टी की हो गई है।

### निशाना

महामिलावटी हमारी फौज के शौर्य का सम्मान नहीं करते

**आज भी नामदार जमानत पर**

मोदी ने कहा कि कांग्रेस और उसके महामिलावटी साथियों ने अपने दस साल के राज में, हर बड़े फैसले को टाला और जो फैसले लिए भी, वो इस तरह लिए कि देश को नुकसान उठाना पड़ गया। जमीन से लेकर आसमान तक इन लोगों ने इतने घोटाले किए कि ऐसा कोई दिन नहीं था, जब अखबारों में इनके कारनामों की खबर न छपती हो। आज भी नामदार और उनके रिश्तेदार जमानत पर बाहर हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### खुदरा महंगाई दर में इजाफा, अप्रैल में 2.92 फीसदी रही मुद्रास्फीति

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव के बीच मुद्रास्फीति में इजाफा हुआ है। खाद्य पदार्थों की कीमतों में वृद्धि की वजह से खुदरा महंगाई दर अप्रैल में बढ़कर 2.92 फीसदी रही, जोकि मार्च महीने में 2.86 फीसदी दर्ज की गई थी। अप्रैल 2018 में महंगाई दर 4.58 फीसदी थी। सोमवार को केंद्रीय सांख्यिकी संगठन की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक, अप्रैल में फूड बास्केट की मुद्रास्फीति 1.1 फीसदी और मार्च में 0.3 फीसदी थी। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया मौद्रिक नीति तय करते समय मुख्य रूप से उपभोक्ता मूल्य सूचकांक को ध्यान में रखता है।

### उज्जैन में महाकाल के दर पर प्रियंका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

उज्जैन। चुनावी समर में सॉफ्ट हिंदुत्व की अपनी रणनीति पर कांग्रेस लगातार आगे बढ़ रही है। पार्टी अध्यक्ष राहुल गांधी के टेंपल रन के बाद अब उनकी बहन और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी ने भी मंदिरों के दर्शन की शुरुआत कर दी है। प्रियंका गांधी ने प्रमुख ज्योतिर्लिंगों में से एक महाकालेश्वर मंदिर में पूरे विधि विधान से पूजा की और पंचामृत से अभिषेक किया।

### रमजान में मतदान का समय बदलने की याचिका सुको ने खारिज की

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। रमजान को लेकर मतदान के समय में परिवर्तन करने संबंधी याचिका सुप्रीम कोर्ट में खारिज हो गई। चुनाव आयोग ने समय परिवर्तन की मांग को ठुकरा दिया था जिसके बाद इस फैसले के खिलाफ दायर याचिका खारिज हो गई। कोर्ट ने कहा चुनाव आयोग को विशेषाधिकार है और आयोग ने जो फैसला दिया है वह सही है। याचिकाकर्ता का कहना है कि रमजान के कारण मुस्लिम मतदाताओं को वोटिंग में परेशानी हो रही है।

# माया का मोदी पर पर्सनल अटैक

## कहा–मोदी के पास जाते हैं बीजेपी नेता, तो डरती हैं पत्नियां

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

लखनऊ। अलवर गैंगरेप को लेकर बीएसपी चीफ मायावती और पीएम नरेंद्र मोदी में आरोप–प्रत्यारोप अब तीखा होता जा रहा है। मायावती ने अब पीएम मोदी पर निजी हमला किया है। माया ने कहा कि पीएम मोदी बहन और पत्नियों की इज्जत करना क्या जानेंगे जब वह अपनी पत्नी को राजनीतिक लाभ के लिए छोड़ चुके हैं। इतना ही नहीं बीएसपी चीफ ने यह भी कहा कि बीजेपी नेताओं की पत्नियां अपने पतियों के मोदी के करीब जाने से डरती हैं। माया के इस हमले पर बीजेपी ने पलटवार किया और माया के परिवारवाद पर निशाना साधा।

बीजेपी ने कहा कि आखिर मोदी से इतनी घृणा क्यों? क्या इसलिए कि उन्होंने परिवार से ज्यादा देश को परिवार माना?



**मोदी कर रहे घिनौनी राजनीति**

मायावती ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, नरेंद्र मोदी पहले अलवर दलित महिला उत्पीड़न घटना को लेकर चुप थे लेकिन मेरे बोलने के तुंरत बाद से इसकी आड़ में अपनी घिनौनी घृणित राजनीति करने से बाज नहीं आ रहे हैं ताकि चुनाव में उनकी पार्टी को फायदा पहुंचे। यह बेहद शर्मनाक है। वह दूसरों की बहन, बेटी और पत्नी की इज्जत कैसे कर सकते हैं जब वह अपनी बेकसूर पत्नी को ही छोड़ चुके हैं।

**कांग्रेस को चेतावनी**: राजस्थान में कांग्रेस सरकार को चेतावनी देते हुए मायावती ने कहा कि अगर उचित कार्रवाई नहीं हुई तो फिर वह कांग्रेस से समर्थन वापस लेने का फैसला कर सकती हैं। पीएम मोदी आए दिन अपनी जाति बदलते रहते हैं। आजकल अपनी जाति गरीब बता रहे हैं। नरेंद्र मोदी न गरीब हैं और न फकीर, यह सब कोरा नाटक कर रहे हैं ताकि गरीबों का वोट इन्हें मिल जाए।

**जुगाड़ करके मोदी ने खुद को पिछड़ी जाति में शामिल कराया**

मायावती ने कहा, मोदी अति पिछड़े वोटों को लुभाने के लिए यह भी कहा है कि मैं अति पिछड़ी जाति से हूं। ये जन्मजात किसी पिछड़ी जाति के नहीं हैं। यह कागजी अति पिछड़े वर्ग के हैं।

### बीजेपी ने किया पलटवार

बीजेपी ने भी तुरंत पलटवार करते हुए मायावती को आड़े हाथ लिया। बीजेपी नेता संबित पात्रा ने ट्वीट कर माया को परिवारवाद पर घेरा। उन्होंने कहा, जिन शब्दों का प्रयोग उन्होंने पीएम के लिए किया ...बहुत तकलीफ होती है ..आखिर ये कैसी सोच है? ...मोदी जी से इतनी घृणा? .. क्यों? ..अपने परिवार से ज्यादा देश को परिवार माना इसलिए? ..मायावती जी आपके लिए आपका भाई बड़ा है .. मोदी जी के लिए देश बड़ा है।

## सेना ने जैश-ए-मोहम्मद का आतंकी किया गिरफ्तार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

श्रीनगर। जम्मू–कश्मीर के अनंतनाग जिले में सोमवार को सुरक्षाबलों ने इंटेलिजेंस इनपुट्स से मिली जानकारी के बाद आतंकी संगठन जैश–ए–मोहम्मद के एक आतंकी को गिरफ्तार किया है। एजेंसियों को गिरफ्तार आतंकी के पाकिस्तान के संपर्क में होने और दक्षिण कश्मीर की आतंकी वारदातों में शामिल होने का शक है, जिसे देखते हुए अधिकारी उससे कड़ी पूछताछ करने में जुटे हुए हैं। सूत्रों के मुताबिक, सेना को सोमवार सुबह अनंतनाग के वेरीनाग इलाके में कुछ आतंकियों के छिपे होने की जानकारी मिली थी। इस सूचना पर इलाके में सेना की 19 राष्ट्रीय राइफल्स, जम्मू–कश्मीर पुलिस की एसओजी, सीआरपीएफ ने यहां पर सर्च ऑपरेशन चलाया।

इस तलाशी अभियान के दौरान ही इलाके से जैश आतंकी हिलाल अहमद नाइकू को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के वक्त हिलाल के पास से भारी मात्रा में गोला–बारूद बरामद हुआ है। जैश से कनेक्शन और आतंकी साजिश में शामिल होने के शक के कारण सुरक्षा एजेंसियों के अधिकारी हिलाल से कड़ी पूछताछ कर रहे हैं।

Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# आ रहा हूं, हिम्मत हो तो अरेस्ट कर लेना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

जॉयनगर। पश्चिम बंगाल में बीजेपी और टीएमसी के बीच जुबानी जंग तेज होती जा रही है। जाधवपुर में अमित शाह की रैली कैंसल होने के बाद बीजेपी ममता बनर्जी पर हमलावर है। दूसरी तरफ, शाह ने बंगाल में आज ममता पर जमकर हमले किए। शाह ने जॉयनगर लोकसभा सीट के लिए रैली के दौरान जय श्रीराम के नारे लगवाए और ममता बनर्जी को उन्हें अरेस्ट करने की चुनौती दी।

■अमित शाह ने ममता बनर्जी पर एक बार फिर साधा निशाना

अमित शाह ने मंच पर आते ही जय श्रीराम के नारे लगाए और लोगों से भी लगवाए। अमित शाह ने कहा, मैं जय श्री राम बोल रहा हूं और यहां से कोलकाता जा रहा हूं। ममता दीदी आप में हिम्मत है तो अरेस्ट कर लेना। शाह ने कहा, जाधवपुर सीट ममता बनर्जी के भतीजे की सीट है इसलिए उन्होंने मुझे रैली की अनुमति नहीं दी। चुनाव में टीएमसी को हराकर रहना है।